साथ छोड़ा जहा ने तो क्या हैं गिला,
हमसफर साँवरा मुझको ऐसा मिला,
हम दीवानो की रूह जग से न्यारी हो गई,
मेरी बांके बिहारी से यारी हो गई,
मेरी माखन चुरैया से यारी हो गई।।

अब ना डर ना फिकर की ना कोई बात हैं,
जब से ठाकुर ने पकड़ा मेरा हाथ हैं,
मेरी सांसो की पूंजी तुम्हारी हो गई,
मेरी बाँके बिहारी से यारी हो गई,
मेरी माखन चुरैया से यारी हो गई।।

खुदगर्ज सारी दुनिया में उलझा रहा,
अपने रिश्ते की डोरी सुलझा रहा,
बिन तेरे श्याम कैसी लाचारी हो गई,
मेरी बाँके बिहारी से यारी हो गई,
मेरी माखन चुरैया से यारी हो गई।।

प्रभु सब जानते हैं दिलो की बात,
श्याम मुश्किल में देते हैं सबका साथ,
गुफ्तगू श्याम भक्तो से प्यारी हो गई,
मेरी बाँके बिहारी से यारी हो गई,
मेरी माखन चुरैया से यारी हो गई।।

कृष्ण करना करम जीना खुशहाल हो,
मेरी सांसो में तू और तेरा ख्याल हो,
अर्जियाँ सागर मंजूर सारी हो गई,
मेरी बाँके बिहारी से यारी हो गई,
मेरी माखन चुरैया से यारी हो गई।।

साथ छोड़ा जहा ने तो क्या हैं गिला,
हमसफर साँवरा मुझको ऐसा मिला,
हम दीवानो की रूह जग से न्यारी हो गई,
मेरी बांके बिहारी से यारी हो गई,
मेरी माखन चुरैया से यारी हो गई।।

Singer Vishnu Sagar

Source: https://www.bharattemples.com/meri-banke-bihari-se-yaari-ho-gayi/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw